तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनियशियल्स जज रैफरेंस संख्या 05/2013 सरकार तह0 कुम्हेर बनाम भगवानसिंह
21.2.2018	आज पत्रावली पेश हुई। पैरोकार सरकार उपस्थित। अवलोकन किया गया यह रैफरेंस पत्रावली मण्डल के निर्णय दिनांक 2.7.2012 की प्रति के साथ प्राप्त हुई है। माननीय राजस्व मण्डल द्वारा पारित निर्णय दिनांक 2.7.2012 की मंशा के अनुसार प्रकरण में दिनांक 21.10.1992 एवं उसके पूर्व के राजस्व अभिलेख का अभाव पाया गया है। इस संबध में आपको निरन्तर पत्रांक 439/4.8.2014, 891/11.12.2014, 549/20.7.2015, 817/9.10.2015 से ताकीद की जा रही है किन्तु आप द्वारा माननीय राजस्व मण्डल के निर्णय दिनांक 2.7.2012 की मंशा के अनुसार न तो अपना प्रत्युत्तर ही भिजवाया गया है और न ही वांछित दस्तावेजात उपलब्ध कराये है। ऐसी स्थिति में भूमिधारी तहसीलदार कुम्हेर को मण्डल के निर्णय दिनांक 2.7.2012 की प्रति प्रेषित करते हुये निर्देशित किया जाता है कि मण्डल के निर्णय की अक्षरशः पालना करते हुये यदि बाद जांच/बाद वांछित रिकार्ड पूर्ति यह प्रकरण रैफरेंस योग्य पाया जाता है तो ही पुनः नये सिरे से 2 माह के भीतर–भीतर पेश करने की स्वतन्त्रता के साथ यह पत्रावली इसी स्तर पर ड्रॉप की जाती है। आदेश की एक प्रति तत्काल जिला कलक्टर भरतपुर एवं उपखण्डाधिकारी कुम्हेर को पालना हेतु भेजी जावे। पत्रावली फैसलशुमार की जाकर बाद पूर्ति दाखिल दफ्तर की जावे। आज्ञा सुनाई गई। **अतिरिक्त जिला कलक्टर** **भरतपुर**

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official